## महत्वपूर्ण एवं खास

### जुआ एक्ट पर हुई कार्यवाही

रायगढ़। थाना घरघोड़ा स्टाफ द्वारा 28 जनवरी की रात्रि करीब 1 बजे मुखबिर सूचना पर ग्राम झरियापाली डीपापारा में स्ट्रीट लाईट के नीचे जुआ खेल रहे श्याम निषाद पिता ठाकुर राम निषाद उम्र 35 वर्ष सा. वार्ड नं. 09 महंत मोहल्ला घरघोड़ा, ताराचंद साहू पिता पदमलोचन साहू उम्र 35 वर्ष सा. वार्ड नं. 04 साहूपारा घरघोड़ा, पुटलू ठाकुर पिता नारायण ठाकुर उम्र 18 वर्ष, भरत गुप्ता पिता पाण्डू राम गुप्ता उम्र 30 वर्ष, शाहिद खान पिता रसीद खान उम्र 27 वर्ष साकिनान झरियापाली को पकड़े , जिनके फड़ एवं पास से जुमला रकम 10,510 रूपये एवं 52 पत्ती तास जप्त किया गया है।

### श्रीराम जानकी, लक्ष्मण नूतन मूर्ति प्रतिष्ठा एवं विष्णु यज्ञ 1 फरवरी से

रायगढ़। श्री परम पिता परमेश्वर श्री गुरूनारायण की कृपा से संत आश्रम बैकुण्ठपुर भुजबंधान तालाब राम मंदिर में श्री श्री 1008 रामानुजदास ब्रम्हचारी जी महाराज के 13 वां वर्षगांठ में नवनिर्मित मंदिर में श्री राम जानकी, लक्ष्मण जी की नूतनमूर्ति का प्राण-प्रतिष्ठा एवं श्री विष्णु यज्ञ तथा श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 1 से 10 फरवरी तक किया जाएगा। साथ ही 11 फरवरी सोमवार को दोपहर 12 बजे से श्री राम मंदिर में भण्डारा का भी आयोजन किया गया है। महंत श्री मिथिलाशरण दास ने समस्त श्रद्धालुजनों को सपरिवार इष्ट मित्रों के साथ इस महान अवसर पर पधार कर अक्षय पुण्य के भागी बनने हेतु आग्रह किया है।

### टर्मिनल व हवाई अड्डे की मांग जल्द पूरी हो - चेंबर

रायगढ़ । औद्योगिक नगरी रायगढ़ का नाम विश्व के मानचित्र में स्थापित है लेकिन मूलभूत सुविधाओं की कमी की वजह से उसका दूरगामी असर पड़ रहा है । टर्मिनल व हवाई अड्डे से जोड़े जाने की बहुप्रतिक्षित मांग को दोहराते हुए चेंबर अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि बड़े बड़े उद्योग व पावर हब बनने के बावजूद हवाई अड्डा व टर्मिनल की सुविधा का न होने विकास के मार्ग का बड़ा अवरोध है । कोड़ातराई में प्रस्तावित हवाई अड्डा आज तक मूर्त रूप नही ले सका है । छग में रायपुर बिलासपुर के बाद रायगढ़ सर्वाधिक आय देने वाला जिला है उसके बावजूद इन सुविधाओं से वंचित रखा जाना आश्चर्यजनक है । टर्मिनल की मांग भी लंबे समय से रही है। इस हेतु किये गए आंदोलन की याद ताजा कराते हुए चेंबर अध्यक्ष ने कहा कि टर्मिनल न होने की वजह से कई ट्रेनें यहां से प्रारम्भ नही हो पा रही है । रायगढ़ से आय का हवाला देते हुए कहा कि वैगन के जरिये आय देने का रिकर्ड रायगढ़ के नाम पर है लेकिन सुविधाओ के नाम पर अब झुनझुना पकड़ाया जाना न्यायोचित नही है । रेल सुविधाओ के विस्तार व हवाई अड्डे के लिए ये दोनों सुविधाएं मिल का पत्थर साबित होंगी। चेंबर अध्यक्ष ने पुनः अपनी मांग को दोहराते हुए कहा है कि रेल टर्मिनल व हवाई अड्डा समय की मांग है। इस हेतु सभी की ओर से चेंबर सार्थक पहल कर रही है।

### पत्थर निकालते समय जमीन धसा 3 मजदूर घायल

रायगढ़। पहाड़ खोदकर बोल्डर पत्थर निकालने के दौरान चट्टान धसकने से 3 मजदूर घायल हो गए है। जिन्हें डायल 112 की टीम ने इलाज के लिए अस्पताल भर्ती किया है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम जाटाटिकरा, पण्डरापाट में जमीन से पत्थर निकालते समय जमीन धंस गई। इस घटना से मजदूरों की चीख पुकार मच गई।

# निरीक्षक अंजना केरकेट्टा, आरक्षक प्रमोद सागर, प्रदीप, उत्तम सारथी उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित

रायगढ़। गण पर्व समारोह में जिला पुलिस की ओर से हर वर्ष अपने विशिष्ट कार्यों, बेहतर अनुशासन, ओरोपियों की धरपकड़ के साथ- साथ शांति पूर्ण मतदान कराने में महत्तवपूर्ण भुमिका निभाने वाले विभिन्न पदों पर पदस्थ पुलिस कर्मचारी को मिनी स्टेडियम में पुरुस्कार व सम्मान मिला। इस सम्मान के लिए जिला पुलिस गण पर्व पर इस वर्ष 20 लोगों का नाम तय कर जिला प्रशासन व शासन को भेजा था जिसमें महिला निरीक्षक अंजना केरकेट्टा के साथ साथ सहायक उप निरीक्षक जवाहर राठौर, सहायक उप निरीक्षक दिलीप बेहरा, सहायक उप निरीक्षक सोहन साहू, महिला प्रधान आरक्षक ज्योत्सना शर्मा, आरक्षक प्रदीप गहलोत, आरक्षक प्रमोद सागर, हेमप्रकाश सोन, उत्तम सारथी, सहायक उप निरीक्षक गिरधारी साव, प्रधान आरक्षक शंभु साव, प्रधान आरक्षक भुनेश्वर पंडा, आरक्षक अभिषेश, आरक्षक विशोप सिंह, आरक्षक विक्कू सिंह, गणेश राठिया, प्रधान आरक्षक मोती लाल डनसेना, को परेड की सलामी लेने आए मुख्य अथिति राज्य केबिनेट मंत्री उमेश पटेल के हाथों सम्मान किया गया।

## 29.500 मैट्रिक टन स्पंज आयरन से भरी वाहन सहित ड्रायवर लापता

रायगढ़। ग्राम कोतरलिया निवासी पवन साहू पिता देव प्रसाद साहू उम्र 44 वर्ष PRS कंस्ट्रक्शन कंपनी कोतरलिया में ट्रांसपोर्ट का कार्य करता है। कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा 30 दिसम्बर 2018 को मेसर्स इण्ड सिनर्जी लिमिटेड ग्राम कोटमार में वाहन क्रमांक सीजी 12-एस/3911 को स्पंज आयरन लोडिंग हेतु भेजा गया था। उक्त वाहन चालक इण्ड सिनर्जी कम्पनी से 29.500 मैट्रिक टन स्पंज आयरन राशि 643985/- रूपये लोड कर विपुल ट्रेडर्स समता कालोनी रायपुर माल पहुंचाने के लिए निकला था। उक्त वाहन अपने निर्धारित स्थान में नहीं पहुंचने पर मेसर्स इण्ड सिनर्जी लिमिटेड के अधिकारी द्वारा पवन साहू को जानकारी दिये। तब पवन साहू अपने स्तर पर पता किया, वाहन तथा चालक का पता नहीं चलने पर 28 जनवरी को थाना चक्रधरनगर में वाहन क्रमांक सीजी 12-एस/3911 के विरूद्ध आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया, रिपोर्ट पर वाहन क्रमांक सीजी 12-स/3911 के चालक के विरूद्ध अप. क्र. 33/19 धारा 407 ता. हि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## पीडीएस दुकान में चोरी

रायगढ़। ग्राम झगरपुर में रहने वाली श्रीमती शांति डेलकी पति डिलेश्वर डेलकी स्वसहायता समिति जय मां लक्ष्मी की अध्यक्ष है। समिति

शासन के द्वारा चलाये जा रहे पी.डी.एस. का दुकान चलाती है 24 जनवरी को पी.डी.एस. दुकान में माह फरवरी/मार्च 2019 के लिये सामग्री 572 बोरी चावल, 10 बोरी शक्कर एवं 20 बोरी चना आया था, जिसका वितरण नहीं किया गया था। 28-29/01/19 के दरम्यानी रात कोई अज्ञात चोर दुकान का ताला तोड़कर दुकान से 14 बोरी चावल वजन, चना 22 बोरी एवं शक्कर 10 बोरी जुमला 22,400 रूपये को चोरी कर ले गया है। सुबह घटना की जानकारी होने पर श्रीमती शांति डेलकी द्वारा थाना लैलूंगा में रिपोर्ट दर्ज कराया गया, रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 20/19 धारा 457,380 IPC पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# स्टाफ नर्स के घर चोरी

रायगढ़। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेंध्रा में पदस्थ स्टाफ नर्स श्रीमती दिव्यावली नंद पति जैनू वडडे उम्र 27 वर्ष 22 दिसम्बर 2018 को अपने क्वाटर पर ताला लगाकर एक माह की छुट्टी पर गई थी। 21 जनवरी को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का वार्ड ब्वाय टेमराम सारथी ने श्रीमती दिव्यावली नंद को फोन कर बताया कि उसके घर का दरवाजा का ताला टुटा है तथा घर में कपडा अस्त व्यस्त बिखरा हुआ है । तब श्रीमती दिव्यावली नंद 25 जनवरी को छुट्टी से वापस अपने क्वार्टर लेंध्रा आई तो देखी घर के दीवाल में लगा 01 एलईडी टी.वी., रिसीवर एवं आलमारी में रखा 01 सोने का अगूंठी, पायल, 04 नग साड़ी, कुल कीमती 49,000 रूपये को कोई अज्ञात चोर 20 जनवरी की दरम्यानी राम चोरी कर ले गया था। 28 जनवरी को चोरी के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 14/19 धारा 457,380 IPC पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# कमला नेहरू उद्यान में एबीवीपी के तीन दिवसीय युवा उत्सव में कैरियर स्कूल के बच्चों ने दिखाया अपना हुनर

रायगढ़। स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर कमला नेहरू उद्यान पर तीन दिवसीय युवा उत्सव का समापन हुआ। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ओपी चौधरी एवं पूर्व विधायक रोशनलाल अग्रवाल, बीजेपी नेता गुरुपाल सिंह एवं भूपेन्द्र नाग उपस्थित थे। इस दौरान कैरियर स्कूल के छोटे एवं बड़े बच्चों ने अनेक प्रतियोगिताओं में भाग लिये तथा अपने हुनर के बल पर पुरस्कार जीत कर स्कूल का नाम रौशन किये।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं सीनियर एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुंज सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए ... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480